### एक नजर में

## ड्रोन की नजर में धार्मिक आयोजन, पिपलिया चौकी पुलिस ने शुरू की नई पहल



**पिपलियामण्डी।** त्यौहारों के मद्देनज़र स्थानीय चौकी पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए हैं। पहली बार जुलूसों की निगरानी ड्रोन कैमरों से की जा रही है ताकि किसी भी अप्रिय घटना को पहले ही रोका जा सके। शुक्रवार को ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर चौकी प्रभारी धर्मेश यादव गांधी चौराहे पहुंचे। उन्होंने यहां से नगर में निकले जुलूस पर ड्रोन के जरिए नज़र रखी और साथ चल रहे पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। चौकी प्रभारी ने बताया कि आगामी गणेश विसर्जन के दौरान भी पूरे नगर में ड्रोन से निगरानी की जाएगी। उल्लेखनीय है कि नगर सहित प्रदेश के अन्य हिस्सों में पूर्व में धार्मिक आयोजनों के दौरान विवाद व पत्थरबाजी जैसी घटनाएं हो चुकी हैं। कई बार छतों से पत्थरबाजी करने तथा माहौल बिगाड़ने वाले शरारती तत्वों की वजह से तनाव की स्थिति निर्मित हुई है। ऐसे में पुलिस की यह पहल सुरक्षा व्यवस्था को और मज़बूत बनाने के साथ-साथ उपद्रवियों पर सख़्त कार्रवाई की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है। चौकी प्रभारी यादव ने स्पष्ट किया कि अब किसी भी तरह की शांति भंग करने की कोशिश करने वालों को बख़्शा नहीं जाएगा। ड्रोन की नज़र से आयोजनों की निगरानी लगातार की जाएगी और संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई होगी।

## पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर मुस्लिम समाज ने जुलूस निकाला



**नाहरगढ़।** ईद मिलादुन्नबी का का पर्व नगर मे जुलूस निकालकर मनाया। पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की 1500 साल पूरे होने पर पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिन के अवसर पर सभी मुस्लिम समाज ने बड़े ही धूम धाम से जुलूस निकाला। जुलूस इमामबाड़े से शुरू हुआ जो फिर सम्मान हुआ। नन्हे मुन्ने बच्चों को कई प्रकार की मिठाइयां बाटी और नन्हे मुन्ने बच्चे हाथ में पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के नाम के झंडे थे। पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के नाम के नारे लगाते हुए जुलूस निकाला जिसमें सभी मुस्लिम समाज शामिल हुआ। जुलूस में राजकोट से तशरीफ लाए सैयद एजाज, सैयद अवेश, मोहम्मद सिद्दीक शमी, मोइन भाई जिन्होंने पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की 1500 साल के जन्मदिन के अवसर पर नात पड़ी ओर तकरीर हुई। सभी मुस्लिम समाज ने पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिन भाई चारे के साथ ओर एकता की मिसाल देते हुए मनाया। यह जानकारी अरबाज ने दी।

# व्यक्तित्व निर्माण में शिक्षक की भूमिका महत्वपूर्ण : कलेक्टर

▶ शिक्षक दिवस पर उत्कृष्ट स्कूल में शिक्षक, विद्यार्थी एवं प्राचार्य सम्मानित



**मंदसौर। शिक्षक दिवस के अवसर पर लाल बहादुर शास्त्री शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मंदसौर में आयोजित जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं प्राचार्यों को सम्मानित किया।**

कलेक्टर ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक व्यक्तित्व निर्माण के महत्वपूर्ण अंग होते हैं। उन्होंने सभी को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जीवन में जिससे सीखने को मिलता है, उसे गुरु का दर्जा देना चाहिए। मां बच्चे की पहली शिक्षक होती है और भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है।

> उन्होंने कहा कि शिक्षक न केवल विद्यार्थियों को अकादमिक स्तर पर श्रेष्ठ बनाते हैं, बल्कि उनके व्यवहारिक जीवन को भी संवारने का कार्य करते हैं। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि 15 सितम्बर के पश्चात सभी विद्यालयों में पालक-शिक्षक बैठक आयोजित की जाए, जिसमें बच्चों के परीक्षा परिणाम तथा खेलकूद गतिविधियों पर विशेष चर्चा हो। उन्होंने कहा कि बच्चों के भविष्य निर्माण में अभिभावकों की भी अहम भूमिका होती है। समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी सुश्री टेरेसा मिंज, लोकेंद्र डाबी, बीईओ आनंद डावर सहित प्राचार्य, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## नाहरगढ़ से पैदल यात्री श्री सांवलिया सेठ लदूसा पर दर्शन को पहुंचे

**नाहरगढ/मंदसौर।** पैदल यात्रा श्री खाखी बाग मंदिर पर विशेष पुजा-पाठ व आरती के बाद भक्तजनो का दल पैदल भजन-कीर्तन व जय कारे के साथ नाहरगढ से श्री सांवलिया सेठ मंदिर लदूसा पर दर्शन करने के लिए शुक्रवार सुबह सात बजे रवाना हुआ।



जगह-जगह पर स्वागत व सम्मान के साथ चाय नास्ता, पानी, केले व भोजन की व्यवस्था सभी के सहयोग से रही है। भक्तजन जयकारे व भजन-कीर्तन के साथ बडी संख्या मे पुरुष, महिला व बच्चे, युवा शामिल थे।

## सीतामऊ में निकला जुलूस-ए-मिलाद, अमन-भाईचारे का संदेश



**सीतामऊ।** पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिन ईद मिलादुन्नबी नगर में धूमधाम से मनाया गया। परंपरागत मार्ग से निकले जुलूस-ए-मिलाद में बड़ी संख्या में बच्चे, युवा व बुजुर्ग शामिल हुए। नात-ख्वानी और दरूदो-सलाम की गूंज के बीच समाजजनों ने जगह-जगह जुलूस का स्वागत कर शरबत, मिठाई व पुष्पवर्षा की।

तालाब चौक पर सभा में बरेली से आए मुफ्ती तैयब रज़ा कादरी ने अमन, भाईचारे और मोहब्बत का पैगाम दिया। प्रशासनिक अमला सुरक्षा और व्यवस्थाओं में सक्रिय रहा। कार्यक्रम शांति व अनुशासन के माहौल में संपन्न हुआ।

## 5 साल से बिना लाइट के आ रहे बिल, ग्राम पंचायत कर रही भुगतान

नवभारत न्यूज

**सीतामऊ। ग्राम पंचायत रायपुरिया के ग्राम करडिया बंबोरी में बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। यहां सरकारी कुएं पर मोटर चलाने के लिए विद्युत डीपी लगाई गई थी, लेकिन योजना एक दिन भी नहीं चली।** विभाग के कर्मचारियों ने 5-7 साल पहले ही डीपी हटाकर बाबुल्दा गिरिट ले जाई थी। इसके बावजूद कनेक्शन क्रमांक 3208008938 से हर महीने हजारों रुपये का बिल पंचायत के खाते में आ रहा है, जिसका भुगतान लगातार किया जा रहा है।

सरपंच पति तूफान केवट ने बताया कि ग्राम में आज तक नल योजना शुरू नहीं हुई, न ही स्ट्रीट लाइट चालू हैं, जबकि इनके बिल का भुगतान पंचायत कर रही है। ग्रामवासियों ने भी पुष्टि की कि कभी नल की लाइन में पानी नहीं आया और डीपी का उपयोग नहीं हुआ।



> विद्युत विभाग के सुपरवाइजर राहुल सिंह का कहना है कि शिकायत अभी हाल ही में मिली है और जांच कर शीघ्र निराकरण किया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि अब देखना होगा उन्हें समाधान मिलता है या सिर्फ आश्वासन।



## विकास के नाम पर दिखावा, सोनबर्डी के ग्रामीण कीचड़ भरे रास्तों से परेशान

**गरोठ। ग्राम पंचायत पण्डेरिया के अंतर्गत गांव सोनबर्डी के ग्रामीण बरसात में कीचड़ भरे रास्तों से गुजरने को मजबूर हैं। आजादी के दशकों बाद भी गांव अब तक सड़क सुविधा से वंचित है। बारिश में पूरा गांव कीचड़ और गंदगी से भर जाता है, जिससे बच्चों को स्कूल आने-जाने और ग्रामीणों को आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।**

ग्रामीणों ने बताया कि पेयजल के लिए भी पूरा गांव केवल एक हैंडपंप पर निर्भर है। कई बार जिम्मेदारों को आवेदन देने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। हाल ही में करणसिंह, रामलाल, रोहित, प्रफुल्ल, ईश्वर, विनोद, अर्जुन, राधेश्याम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने लिखित आवेदन देकर सड़क निर्माण और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।

### एक नजर — पंचशील एकेडमी में गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया

## 51 किलो लड्डुओं से बनी गणपति आकृति, ढोल ग्यारस पर्व पर पालकी यात्रा

**गरोठ। पंचशील एकेडमी में गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय परिवार ने 51 किलो लड्डुओं से आकर्षक गणपति आकृति बनाकर भगवान गणेश का पूजन किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सामूहिक पूजा-अर्चना की और ‌卐गणपति बप्पा मोरया卐 के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना दिया।** संचालक हेमंत पाटीदार ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी विद्यालय में गणेश प्रतिमा स्थापित कर प्रतिदिन महाआरती व पूजन किया जा रहा है। इस अवसर पर मनोहर पाटीदार, रमेश पाटीदार, हेमंत पाटीदार, मुकेश धनोतिया, एम.एल. कुशवाहा सहित समस्त स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे।



इसी तरह गरोठ क्षेत्र में जलझूलनी ग्यारस पर्व बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। खड़ावदा सहित विभिन्न मंदिरों से भगवान के वेवाण (पालकी) सजाकर निकाले गए। श्रीराम मंदिर बान्याखेड़ी, चारभुजा पोरवाल मंदिर, चारभुजा (पंडित जी) मंदिर व श्रीराम मंदिर से आकर्षक झांकियों के साथ चार वेवाण डीजे और भजनों के बीच नगर भ्रमण पर निकले।

सभी वेवाण नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए शासकीय स्कूल प्रांगण पहुंचे, जहां शासकीय कुएं पर भगवान का स्नान कराकर संयुक्त रूप से महाआरती की गई। इसके बाद वेवाण श्री मंशापूर्ण बालाजी मंदिर पहुंचे, जहां महाआरती व महाप्रसादी वितरण किया गया। बाद में सभी वेवाण अपने-अपने मंदिरों पर पहुंचे।

# नीमच


### एक नजर में

## भारत विकास परिषद शाखा नीमच द्वारा गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम संपन्न



**नीमच।** सेवा संस्कार में अग्रणी भारत विकास परिषद शाखा नीमच द्वारा शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम शासकीय हाई स्कूल धनेरिया कला में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की देवी सरस्वती मां की पूजा आराधना एवं सरस्वती वंदना से किया गया। भारत विकास परिषद शाखा नीमच द्वारा गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम के तहत हाई स्कूल, धनेरिया कला में 12 शिक्षक शिक्षिकाओं का शाल, श्री फल, मोतियों की माला से एवं 10 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का माला, पेन एवं प्रशस्ति पत्र द्वारा सम्मान किया गया ! कार्यक्रम में शाखा सदस्य गोविन्द कारा, प्राचार्य, शाखा सदस्य एवं शिक्षक पंकज दुबे, शिक्षक धर्मेंद्र खनगवाल, शिक्षका सरिता शक्तावत, राजेन्द्र शर्मा, अनिता सिसोदिया, अमित श्रृंगी, मंगला सोनी, सपना चौहान एवं छात्र-छात्राओं मे दीपिका अजमेरा, राधिका खराड़ी, निकिता अजमेरा, कोमलसूत्रकार, प्रेरणा अजमेरा, नीरज अजमेरा, लाल सिंह नायक, निरंजन जोशी, भावना तेली, नीरू नायक को सम्मानित किया गया। स्वागत उद्बोधन अध्यक्ष रवि पोरवाल ने दिया। कार्यक्रम में अध्यक्ष रवि पोरवाल, सचिव पिंटू शर्मा, कोषाध्यक्ष संदीप दरक, मनोज माहेश्वरी, सतीश गोयल, पंकज दुबे, संजय डांगी, हिम्मत सिंह, वीरेंद्र सिंह ठाकुर, गोविंद कारा विद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मनोज माहेश्वरी ने किया एवं आभार सचिव पिंटू शर्मा ने माना। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान जन गण मन से हुआ।

## सकल ब्राह्मण समाज महिला प्रकोष्ठ ने प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया



**नीमच।** सकल ब्राह्मण समाज कल्याण समिति, परशुराम मंदिर निर्माण समिति एवं सकल ब्राह्मण समाज महिला प्रकोष्ठ, नीमच के संयुक्त तत्वावधान में 5 सितम्बर को परशुराम महादेव मंदिर परिसर में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नीमच जिले के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। जिन विद्यार्थियों ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, साथ ही खेल प्रतियोगिताओं, नीट, जेईई आदि में सफलता अर्जित की, उन्हें प्रमाण-पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। सकल ब्राह्मण समाज कल्याण समिति के जिला अध्यक्ष एडवोकेट दिलीप शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन से बच्चों में उत्साह और आत्मविश्वास का संचार होता है। इस अवसर पर शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में शिक्षकों का भी सम्मान किया गया।

# जश्ने ईद मिलादुन्नबी हर्षोल्लास से मनाया

**सिंगोली। इस्लाम धर्म के प्रवर्तक पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिन जश्ने ईद मिलादुन्नबी शुक्रवार को कस्बे में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जश्ने ईद मिलादुन्नबी के कार्यक्रम का आगाज सुबह 9:00 बजे हजरत रमजान अली सरकार के मजार ए शरीफ पर चादर पेश करने की साथ ही शुरू हुआ।**

10 बजे मदरसा गोसिया से बैंड बाजों के साथ जलसा ऐ मोहम्मदी की शुरुआत हुई। सोणा आया रे सज गया गलियां बाजार, हर देश में गूंजेगा या रसूल या रसूल की सदा के साथ नगर में ईदगाह परिसर, विवेकानंद बाजार, पुराना बस स्टैंड, बापू बाजार, अहिंसा पथ और चौधरी मोहल्ला होते हुए जामा मस्जिद पहुंचा।

जामा मस्जिद परिसर में हजरत लाल खां जी सरकार की दरगाह पर चादर और सलातो सलाम पेश करने के बाद जुलूस का समापन धार्मिक कार्यक्रम में तब्दील हुआ। इस मौके पर क्षेत्र के प्रमुख प्रशासनिक अधिकारी तहसीलदार प्रेमशंकर पटेल, नायब तहसीलदार बालकृष्ण मकवाना एवं थाना प्रभारी बीएल भाबर अपनी टीम के साथ जुलूस में चाक-चौबंद देखे गये। जुलूस के दौरान मुस्लिम समुदाय के लोग बैंड साजिंदो के साथ मिलकर हुजूर की शान में झूम झूम कर नातिया कलाम पढ़ रहे थे।

इस दौरान नगर कांग्रेस अध्यक्ष राजेश नागोरी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा जुलूस का स्वागत कर उन्हें ईद की मुबारकबाद दी गई।



> दरगाह परिसर में दोपहर 2:00 बजे मंच पर खुसूसी मेहमानों की मौजूदगी में मदरसों के बच्चों का नात, कलाम, तकरीर आदि कार्यक्रम हुआ तथा उन्हें इनामात तकसीम किए गये। आखिर में रात 9:00 बजे जामा मस्जिद पेश इमाम चांद काजी साहब, हाफिज वसीम, मौलाना मेराज साहब ने सरकार ऐ दो आलम सल्लल्लाहो अलेही वसल्लम की पैदाइशी मुबारक पर तकरीर ओर नातिया कलाम कार्यक्रम पेश किया जो रात 11:00 बजे संपन्न हुआ। जलसा ऐ मोहम्मदी कार्यक्रम को सफलतापूर्वक अंजाम देने के लिये अंजुमन कमेटी सदर रईस खान ने सभी प्रशासनिक अधिकारियों कर्मचारियों और अवाम का शुक्रिया अदा किया।

## पति-पत्नी के बीच विवाद में महिला की मौत, सिर में गोली लगी

**नीमच। नीमच के कैंट थाना क्षेत्र के रिसाला मस्जिद के पास एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि महिला के सिर में गोली लगी है, जबकि परिवार इसे सीढ़ियों से गिरने का मामला बता रहा है।**

सूचना मिलते ही गुरुवार रात करीब 10 बजे कैंट थाना प्रभारी पुष्पा चौहान मौके पर पहुंचीं। घायल महिला को तत्काल जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। एक्स-रे में महिला के सिर में गोली की पुष्टि हुई है।

एडिशनल एसपी नवल सिंह सिसोदिया ने अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी ली और बाद में घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस मकान की बारीकी से तलाशी ले रही है। सूत्रों के अनुसार, पति-पत्नी के बीच विवाद के दौरान पति ने गोली चला दी। घटना के बाद से आरोपी पति फरार है।

पुलिस कर रही जांच, संदिग्ध चीजें मिलीं



## इंसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक के एजेंट द्वारा जमाकर्ताओं के साथ की धोखाधड़ी

**सिंगोली।** निजी क्षेत्र का ईसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक जो कि जनता को लोन बांटने का काम करती हे ओर समूह द्वारा वितरण करके उनसे किस्तों में जमा करवाती हे ओर किस्त लेने के लिए बैंक द्वारा अधिकृत कर्मचारी (एजेंट) रुपए लेकर आते हे ओर जमा करवाते हे लेकिन कुछ समय से बैंक का एजेंट संजय मेहर जो ग्राम माता का खेड़ा निवासी अनीस ,आमना बी,बरकत बी, सुनील, अमजद, असलम खा, फिरोजखा, उस्मान, फिरदौस, रईस खा, मुबारिक खा,रफीक ,सहित अन्य जमाकर्ताओं से रुपए लेकर आ गया और उनकी किश्त बैंक में जमा नहीं करवाई हे आज जब जमाकर्ता बैंक आए तो बैंक ने उनकी बकाया किस्त के बारे में बोला ओर ओ डी लगा दी ,जिससे नाराज जमाकर्ताओं ने अपने साथ हुई धोखाधड़ी को लेकर बैंक में बात की ओर बोले जब हमने रुपए जमा करवा दिए तो फिर हमारी किस्त कैसे बकाया बता रहे हे ओर आपका एजेंट हमसे रुपए लेकर गया है धोखाधड़ी के बारे में बताया ओर जमा रुपए के लिए संजय मेहर को दोषी बताया ,पुलिस ने संजय को फोन लगाकर बुलाया और बातचीत की हे जमाकर्ताओं ने बोला कि जो पैसा हमने दिया हे वह बैंक में जमा करे और हमारे खाते पर लगाया ओ डी हटाए जिससे कि हमारा लेनदेन क्लीयर हो सके ,,,,बैंक में पुलिस हेड कांस्टेबल सुनील वर्मा पहुंचे ओर संबंधित जमाकर्ताओं ओर बैंक कर्मचारी संजय मेहर से बातचीत करके उन्हें विश्वास दिलाया कि उनका पैसा जो संजय लेकर गया हे उससे दिलाया जाएगा


### एक नजर — वात्सल्य भवन नीमच में शालेय खेलकूल प्रतियोगिता का आयोजन

## नीमच ने जीते 13 स्वर्ण पदक, बना उज्जैन संभागीय वूशू चैम्पियन

**नीमच।** 69वीं शालेय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत उज्जैन संभाग स्तरीय वूशू मार्शल आर्ट प्रतियोगिता का सफल आयोजन वात्सल्य भवन नीमच में किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी सुजानमल मांगरिया के मार्गदर्शन एवं प्राचार्य ओ.पी. बंसल, जिला क्रीड़ा अधिकारी सावित्री मालवीय तथा मुख्य निर्णायक भरत सिंह कुमावत की उपस्थिति में प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इस प्रतियोगिता में उज्जैन संभाग के अंतर्गत आने वाले नीमच, मंदसौर, रतलाम, उज्जैन, देवास और शाजापुर जिलों की चयनित टीमें शामिल हुईं। लगभग 200 बालक-बालिकाओं ने 17 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग में विभिन्न वजन वर्गों में दमखम दिखाया। कई रोमांचक मुकाबलों के बीच नीमच जिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 13 स्वर्ण पदक अपने नाम किए और अवर-ऑल चैम्पियन बनकर वूशू उज्जैन संभागीय चैम्पियन का खिताब बरकरार रखा। नीमच के विजेता खिलाड़ियों में 17 वर्ष आयु वर्ग में मयंक वर्मा (45 कि.ग्रा.), काव्य जाटव (60 कि.ग्रा.), अब्बास (65 कि.ग्रा.), अश्विनी कैथवास (48 कि.ग्रा.), मिनाक्षी (52 कि.ग्रा.), गुनगुन यादव (60 कि.ग्रा.) और कुलसुम (70 कि.ग्रा.) शामिल रहे। वहीं 19 वर्ष आयु वर्ग में आजाद वर्मा (65 कि.ग्रा.), नकुल खताबिया (70 कि.ग्रा.), काजल सालवी (45 कि.ग्रा.), वंशिका नागलोथ (48 कि.ग्रा.), अलफिया (52 कि.ग्रा.) और रैबैका (70 कि.ग्रा.) ने स्वर्ण पदक जीते। निर्णायक मंडल में मुख्य निर्णायक की भूमिका भरत सिंह कुमावत ने निभाई, जबकि तृषिता सोलंकी, भावना सोलंकी, दीपक कुमावत, कमलेश नागदा, दक्ष मांगरिया, अश्विनी सिंह, खुबी देपन और ईशा रावल सहायक निर्णायक रहे।



## सीड बॉल हरित क्रांति अभियान का शंखनाद



**नीमच।** सीड बॉल हरित क्रांति अभियान के अंतर्गत लगभग 4000 सीड बॉल (बीज की गेंद) जिसमें नीम, जामुन, पीपल, शीशम, इमली, चरल, आदि फलदार एवं छायादार पेड़ के सीड बॉल नीमच सिटी रोड मुक्ति धाम एवम आस पास के नाले नदी के किनारे के पास एवं कंटीली झाड़ियों के अंदर, मंदिर के बगीचे में, हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से पूरे नीमच एवम आस पास के क्षेत्र में शुद्ध ऑक्सीजन फैलाने के लक्ष्य को पूरा कर रहे हैं इस अभियान में सीड बॉल एवं छायादार फलदार पौधे बस स्टेंड मुक्ति धाम में लगाए इस पुनीत कार्यक्रम में वैकुंठ धाम निर्माण समिति के अध्यक्ष आतिश तोतला, राजेंद्र जारोली, प्रदीप खंडेलवाल, सुधीर अग्रवाल, पारस ओसवाल एवं मनोकामना महादेव मंदिर के अध्यक्ष शिव माहेश्वरी, दिलीप छाजेड़, प्रवीण शर्मा, प्रमोद शर्मा, लकड़ी मंडी अध्यक्ष गजेंद्र शर्मा कोकू, साहिल शर्मा, गज्जू, शिव नारायण शर्मा, प्रकाश प्रजापत ,रमेश जायसवाल, सुरेश शर्मा, राकेश शर्मा, दिनेश शर्मा, घनश्याम महावार, मनोज राठौर, कन्हैयालाल कुमावत, वीरेंद्र सोनियाणा आदि उपस्थित थे। इस अभियान में सभी वरिष्ठजनों ने पूरी टीम का उत्साह वर्धन किया।